हिन्दी

(दूर्वा)(पाठ – 8)(सूर्यबाला – सस्ते का चक्कर)
(कक्षा 8)

1. पाठ से

क:

नरेंद्र के सारे पैसे क्यों खत्म हो गए?

उत्तर क:

चूरन, चुस्की और आइस्क्रीम को लेने में नरेन्द्र के सारे पैसे खत्म हो गए ।

ख:

अजय ने नरेंद्र को क्या और क्यों समझाया?

उत्तर ख:

अजय ने नरेन्द्र को समझाते हुए कहा कि लाली पॉप बेचने वाला या तो कहीं से इसे चुराकर लाया है या ये खराब हैं तभी इतनी सस्ती बेच रहा है।

ग:

अजय के अन्य दोस्तों ने नरेंद्र के बारे में क्या कहा और क्यों ?

उत्तर ग:

अजय के अन्य दोस्तों अजय से नरेंद्र के बारे में समझाते हुए कहा कि वह अच्छा लड़का नहीं है। वह क्लास में भी नहीं आता है और उसे बाहर का खाने की आदत भी है।

2. क्या होता?

क:

अगर नरेंद्र के पास फीस के पैसे न होते?

उत्तर क:

अगर नरेन्द्र के पास पैसे ना होते तो वह लॉली पाप वाले के पास नहीं जाता।

ख:

अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता कि इस आदमी से लाली पॉप लेना बिल्कुल ठीक नहीं।

उत्तर ख:

अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता तो न ही वह बदमाशों के झॉसे में आता और न हीं उसका अपहरण होता ।

ग:

अगर अजय तीसरे लड़के की यह बात मान लेता कि अरे तू घर जा नरेंद्र को जानता नहीं ?

उत्तर ग:

अगर अजय तीसरे लडके की यह बात मान लेता तो न ही वह नरेन्द्र से मिलता और न ही बदमाश पकड़े जाते वे भाग जाते ।

घः

अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्‌टी के बाद अजय से नहीं होती?

उत्तर घः

अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्‌टी के बाद अजय से नहीं होती तो नरेन्द्र के लॉलीपाप वाले के पीछे जाने की बात उसे पता ही न चलती और वह उसे बचा नहीं पाता ।

7. मुहावरे की बात

नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं जिनमें उपयुक्त मुहावरे भरने से ही वह पूरा हो सकता है। उन्हें पूरा करने के लिए मुहावरे भी दिए गए हैं। तुम सही मुहावरे से वाक्य पूरे करो।

आग बबूला होना, सकपकाना, दबे पाँव, शामत आना, पीठ ठोकना

कः

चोर .... घर में घुस आया।

उत्तर कः

दबे पॉव

खः

देर से आने पर मम्मी .... गईं।

उत्तर खः

आग बबूला

गः

सरसराहट की आवाज सुनकर अजय ....।

उत्तर गः

सकपका गया

घः

ऊधम मचाने पर बच्चों की .... ।

उत्तर घः

शामत आ गई

ङः

नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की .... ।

उत्तर ङः

पीठ ठोंकी